# बहुपक्षीय अभ्यास खान क्वेस्ट 2024

**स्रोत: द हिंदू**

हाल ही में भारतीय दल ने मंगोलिया की राजधानी उलानबटार के **फाइव हिल्स ट्रेनिंग एरिया में 27 जुलाई 2024 से 9 अगस्त 2024** तक आयोजित होने वाले बहुराष्ट्रीय शांति अभ्यास **खान क्वेस्ट के 21वें संस्करण** में भाग लिया।

- इस अभ्यास का उद्देश्य **भाग लेने वाले देशों के बीच संयुक्त संचालन के लिये रणनीति, तकनीक और प्रक्रियाओं में अंतर-संचालन क्षमता विकसित करना एवं सर्वोत्तम प्रथाओं** को साझा करना है।
- यह अभ्यास **भारतीय सशस्त्र बलों** को बहुराष्ट्रीय वातावरण में शांति अभियानों के लिये तैयार करने, संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अध्याय VII के तहत अंतर-संचालन क्षमता और सैन्य तत्परता बढ़ाने के लिये बनाया गया है।
- भारतीय दल में मद्रास रेजिमेंट की एक बटालियन के **40 कर्मी और अतिरिक्त सदस्य शामिल हैं। ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, चीन, जापान, तुर्किये, संयुक्त राज्य अमेरिका और यूनाइटेड किंगडम सहित 23 देशों के लगभग 430 प्रतिभागी** इस अभ्यास का हिस्सा हैं।
- खान क्वेस्ट की शुरुआत **वर्ष 2003 में अमेरिका और मंगोलियाई सशस्त्र बलों** के बीच एक द्विपक्षीय कार्यक्रम के रूप में हुई थी तथा **वर्ष 2006 से यह एक बहुराष्ट्रीय शांति स्थापना अभ्यास** बन गया।




**और पढ़ें:** [खान क्वेस्ट 2022]

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/multilateral-exercise-khaan-quest-2024